### कंपनी प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग, बिना सुरक्षा उपकरणों के कामगारों से लिया जा रहा है काम

# केजीवी कंपनी में हुई घटना, 35 फिट से गिरा कामगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनियों में कामगारों को सुरक्षा के संसाधन नहीं मिलने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जिसमें कामगारों की जान पर बन आ रही है। औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव में स्थित केजीवी कंपनी में लगभग 35 फिट ऊंचाई से कामगार के गिरने से आक्रोशित श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर एफआईआर करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र में संचालित केजीवी कंपनी में सोलर पैनल की सफाई करते हुये एक श्रमिक लगभग 35 फिट उंचाई से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी में कार्यरत श्रमिक गोविंदा ताराम बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सोलर पैनल की सफाई कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। कामगार को प्राथमिक उपचार के बाद सावनेर रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत अस्थिर बनी हुई है। चर्चा के दौरान कामगारों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को हेलेमट, सेफ्टी बेल्ट नहीं दिया गया था। जो सीधे तौर पर फैक्ट्री एक्ट और श्रम सुरक्षा नियमों का खुला उल्लघंन है। इस मामले को लेकर कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है। दूसरी ओर लोधीखेड़ा टीआई एबी मर्सकोले ने बताया कि घायल श्रमिक का उपचार

#### अधिकारियों का नहीं है कामगारों की सुरक्षा पर ध्यान

औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में होने वाला यह कोई पहला हादसा नहीं है। इसके पहले भी कंपनी में काम करने के दौरान संसाधनों की कमी के चलते कुछ कामगारों की जान जा चुकी है और कुछ दुर्घटना में घायल भी हो चुके हैं। ऐसी घटनाएं होने के बावजूद भी श्रम विभाग में बैठे हुए अधिकारियों की लचीली नीति एवं लापरवाह प्रबंधन एवं ठेकेदार बाज नहीं आ रहे हैं। घटना के बाद में श्रमिकों ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर वास्तविक निरीक्षण नहीं किया जाता है। प्रबंधन के द्वारा बिना सुरक्षा के उपकरण दिए हुए जोखिम भरे काम कंपनी के अंदर कामगारों से कराए जाते हैं। घटना के बाद कंपनी के भीतर कई श्रमिक डर के साये में काम करने को मजबूर है। कामगारों ने घटना की जांच के साथ कंपनी प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# दिन के उजाले में रेत से भरे निकल रहे नेताओं के वाहनों पर कार्यवाही का साहस नहीं जुटा पा रहे अधिकारी

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर के दिए निर्देशों का खनिज विभाग पालन करने नहीं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



जिले भर के साथ तामिया तहसील में रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इसको लेकर कलेक्टर हरेंद्र नारायण द्वारा समय सीमा की बैठक में जिला खनिज अधिकारी को फटकार लगाई जा चुकी है। बावजूद इसके रेत चोरों के बुलंद हौसलों मै कोई कमी आती नहीं दिख रही है।

अब तो आलम है, कि रेत चोरों द्वारा बेखौफ होकर रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है। बतलाया जाता है, की रेत चोरों द्वारा द्वारा नेताओं को सेट करने की बात भी कहीं जा रही है क्योंकि इस रेत की चोरी में राजनैतिक दल के बड़े नेता भी शामिल हैं तो वही खनिज विभाग के अधिकारियों का भी खुला संरक्षण होने का दंभ इनके द्वारा भरा जा रहा है। इतना ही नहीं इनके हौसले इतने बुलंद है कि लोगों के अलावा सरकारी कर्मचारियों से विवाद करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो रेत का अवैध खनन करने की छूट अघोषित रूप से खनिज विभाग द्वारा रेत चोरों को दी गई है है। जिसी के चलते दिन के उजाले में एक दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टरों ट्रैकों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन आसानी से किया जा रहा है। कुआं बादला देलाखारी क्षेत्र के आसपास की नदियां पूर्ण रूप से रेत चोरों के कब्जे में आ चुकी हैं। इस कारण नदियों का स्वरूप एवं जलचर प्राणियों का जीवन संकट में है। वहीं शासन को लाखों रुपए प्रतिमाह राजश्व की हानि भी हो रही है। आम जनता ने रेत चोरों पर नकेल कसने के लिए अन्य विभागों के अमले की भी तैनाती करने की मांग प्रशासन से की है। नेताओं के रेत से भरे वाहन दिन के उजाले में रेत लेकर निकलते हैं। जिन पर कार्रवाई करने का साहस रेत पकड़ने वाले अधिकारी नहीं जुटा पा रहे है।

आज सुबह माता मंदिर के पास से रेत से भरा मिनी ट्रक निकला प्रशासन के लिए चुनौती साबित करने जैसा है। यदि अधिकारियों में कलेक्टर के निर्देशों के पालन करने की इच्छा शक्ति हो तो वह तामिया में रेत चोरी पर अंकुश लगा सकते हैं, लेकिन ऐसी उम्मीद तनिक भी नहीं है क्योंकि बरसों से हो रही रेत चोरी रोक पाना मुश्किल है क्योंकि जब अधिकारियों का संरक्षण हो तो फिर कार्यवाही कैसी।

#### खनिज विभाग में सूचना के अधिकार का बोर्ड गायब, आखिर क्या छुपाना चाहते है उच्चाधिकारी




**छिंदवाड़ा।** एक ओर सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही की बात करती है वहीं दूसरी ओर खनिज विभाग में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धज्जियां उड़ाई जा रही है। विभागीय कार्यालय में आज तक सूचना के अधिकार से संबंधित अनिवार्य सूचना बोर्ड नहीं लगाया है जो सीधे तौर पर कानून की अवहेलना है। सूचना के अधिकार की धारा 4 (1)(बी) के तहत प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण को अनिवार्य किया गया है वह अपने कार्यालय में स्पष्ट रूप से सूचना बोर्ड प्रदर्शित करें जिसमें जनसूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी, अपीलीय अधिकारी, संपर्क नंबर, कार्य समय एवं आवेदन शुल्क की जानकारी शामिल हो। लेकिन खनिज विभाग में यह सूचना पूरी तरह से गायब है। कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों को आरटीआई आवेदन की प्रक्रिया तक का पता नहीं चल पाता है। बिना सूचना बोर्ड के यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या विभाग जानबूझकर सूचना को जनता से छिपाना चाहता है ताकि खनिज पट्टो, रॉयल्टी एवं अवैध उत्खनन से जुड़े मामलों पर पर्दा डाला जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि जहां पर सूचना के अधिकार को कमजोर किया जाता है वहां पर भ्रष्टाचार फलता फूलता है जबकि छिंदवाड़ा का अवैध खनन, रेतमाफिया से मिलीभगत जैसे गंभीर आरोपों से हमेशा घिरा रहता है। आखिर सवाल यह है कि इस गंभीर चूक पर विभाग कैसे अंजान बना है।

## 31 को आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

गुरुवार को नगर के जनपद सभागृह में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा चौरई खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहे कार्यकर्ता शामिल हुए ,आयोजित बैठक में स्टेडियम ग्राउंड चौरई पर आगामी 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की रूप रेखा तैयार की गई तो वहीं धर्म से जुड़े लोगों को आयोजन भव्य बनाने अलग अलग दायित्व भी सौंपे गए । इस दौरान क्षेत्र की नारी शक्ति भी वृहत संख्या में उपस्थित हुई व सम्मेलन में विभिन्न कार्यक्रम करने निर्णय भी लिया गया एवं आयोजन को भव्य बनाने संकल्प भी लिया एवं सभी लोगों अधिक से अधिक सम्मेलन में शामिल हों ऐसी योजना बनी। एवं मातृ शक्तियों के द्वारा अक्षत कलश का पूजन किया गया। सभी मंडलों के लिए अक्षत कलश प्रदान किये गए। वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पंचतत्व में विलीन हुए गरीबदास जी महाराज

**छिन्दवाड़ा:-** धर्म की ध्वजा लहराने वाले महंत श्रीश्री 1008 गरीबदास महाराज पंचतत्व में विलीन हुए। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व जिला कांग्रेस परिवार की ओर से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शविश्वनाथ ओकटे ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

चौरागढ़ के सिद्ध महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी महंत श्रीश्री 1008 गरीबदास महाराज के अंतिम दर्शन हेतु जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने मंदिर के उत्तराधिकारी महंत नारायणदास महाराज से फोन पर कमलनाथ एवं नकुलनाथ जी से बात करवाई। इस दौरान नकुलनाथ ने कहा कि वे जल्द ही मंदिर पहुंचेंगे। अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नाथद्वय ने शोकाकुल भक्तों व मंदिर के सेवादारों को ढांढस बंधाया। श्री ओकटे सहित कांग्रेस परिवार के अन्य सदस्यगण भी बड़ी संख्या में चौरागढ़ पहुंचे। कांग्रेस परिवार के साथ ही जिले व नगरवासियों की ओर से से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उच्चतर शैक्षणिक संस्थाओं में 9 एवं 10 जनवरी को लगेंगे विशेष कैम्प

### 18 वर्ष के विद्यार्थी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत विकास खंड के उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने हेतु 9 एवं 10 जनवरी को विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे।एक जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, उनके लिए निर्धारित फॉर्म-6 ऑनलाइन एवं ऑफलाइन भराया जाएगा।नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए गए निर्देशतहसील सभाकक्ष में संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री पुष्पेंद्र पांडेय तथा मास्टर ट्रेनर मदन सिंह ठाकुर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि— कक्षा प्रभारियों से 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कराई जाए। सूची के आधार पर बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 उपलब्ध कराए जाएं फॉर्म-6 को ECI Net App एवं voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भरा जाए भरे गए फॉर्म बीएलओ सुपरवाइजर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन अधिकारी को प्रेषित किए जाएंउन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी है कि 9 एवं 10 जनवरी को आयोजित विशेष कैम्प में सभी पात्र विद्यार्थियों के आवेदन सुनिश्चित रूप से भरे जाएं।बैठक में रहे अधिकारी उपस्थितबैठक में — शासकीय महाविद्यालय चौरईकला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य समस्त सुपरवाइजरउपस्थित रहे।

### परासिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली और नपा कार्यालय का किया घेराव

# कथित ऑडियो से गूँजा परासिया, अध्यक्ष की करतूतों से शहर हो रहा बदनाम: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



बीते दिनों 5 और 50 परसेंट कमीशन की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद परासिया में राजनैतिक माहौल गरम हैं । कांग्रेस ने इसी ऑडियो के चलते भाजपा , सांसद और नपा अध्यक्ष पर निशाना साधा और तीखा प्रहार किया है । अपनी रैली में कांग्रेस ने इसी ऑडियो को माइक लगाकर प्रसारित किया , जिसकी गूँज परासिया में लोगों को सुनाई दी । कांग्रेस नेताओं ने अपने सम्बोधन में कहा , कि नपा अध्यक्ष की करतूतों के चलते नगर पालिका और शहर दोनों बदनाम हो रहे हैं । नपा अध्यक्ष को हटाने की मांग के साथ कांग्रेस ने नपा कार्यालय का घेराव कर कार्यालय के सामने भ्रष्टाचार का पुतला भी जलाया ।गुरुवार को कांग्रेस ने परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पेंच स्टाफ क्लब से रैली निकाली और नपा कार्यालय पहुंचकर घेराव किया । इस दौरान नपा अध्यक्ष , भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए । कार्यालय के सामने वक्ता विधायक सोहन वाल्मीकि , भूतपूर्व नपा अध्यक्ष गोविन्द राय , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , संयुक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान , प्रवक्ता विवेक मिश्रा , सावित्री वर्मा आदि ने कथित ऑडियो के आधार पर भाजपा संगठन , सांसद , अध्यक्ष सभी पर तीखा प्रहार किया । नपा परासिया में भ्रष्टाचार चरमपर होना बताया । बीते दिनों पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परासिया में हुई जुएँ की कार्रवाई को लेकर स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए ।

#### पर्ची वाले अध्यक्ष

विधायक सोहन वाल्मीकि अध्यक्ष ने कहा , कि भाजपा जब पर्ची वाले अध्यक्ष बनाएगी तो भ्रष्टाचार ही होगा , उनसे सबका साथ , सबका विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती । भाजपा के लोग सिर्फ खुद का विकास करने पदों पर बैठे हैं ।

#### सांसद कप पर सवाल

इन दिनों जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सांसद कप के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन हो रहा है , जिस पर ब्लाक अध्यक्ष कमल राय ने कहा , कि जिस तरह परासिया के मयूर वन में एक सांसद कप चल रहा था , वहीं दूसरी तरफ छिंदवाड़ा पुलिस ने बड़े पैमाने पर जुआँ पकड़ा , श्री राय ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक को साधुवाद देते हुए कहा , कि जहां - जहां भी सांसद कप चल रहा है , उनका दावा है , कि उसके अगल - बगल में कोई न को अवैध गतिविधि संचालित हो रही होगी।

#### सौंपा ज्ञापन

पुतला दहन के बाद कांग्रेस के लोगों ने तहसीलदार सुनैना बृहम्मे को ज्ञापन भी सौंपा और कहा , कि जब तक अध्यक्ष को हटाया नहीं जाता कांग्रेस आंदोलन करती रहेगी । इस कार्यक्रम में उक्त वक्ताओं के अलावा जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान , नप अध्यक्ष भारत डेहरिया ,बसंत मालवीय , आशीष सिकंदरपुरे , गगन सिंह खंडूजा , रिम्पी खंडूजा , अकबर खान , शकील खान , सहित बड़ी संख्या में कोंग्रेसी मौजूद रहे ।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस और महादेव मेले की व्यवस्था हेतु बैठक संपन्न



**जुन्नारदेव :** जनपद पंचायत सभा कक्ष में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस महादेव मेला में सुचारु व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कामिनी ठाकुर ने किया। बैठक में विकासखंड स्तर के समस्त विभागों के अधिकारियों जनप्रतिनिधियों पत्रकारों की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस समारोह एवं शिवरात्रि पर लगने वाले महादेव मेले की चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर सभी विभाग प्रमुख को जिम्मेदारी सौंपी गई। गणतंत्र दिवस समारोह का विजय स्तंभ पर सुबह 9:00 जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण के बाद मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाएगा। तथा नेहरू स्टेडियम में सुबह 10:30 ध्वजारोहण कार्यक्रम, मार्च फास्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में महादेव मेला व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी समस्त आवश्यकताओं पर बिंदु बार चर्चा की गई। महादेव मेले में शिव भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्णय लिए गए। इन निर्णयों के अनुसार संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को जवाबदारी सौंपी गई। श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के सख्त निर्देश दिए गए। शिवरात्रि के अवसर पर पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में भारी संख्या में महाराष्ट्र मध्य प्रदेश से भक्तगण आते हैं। जिनकी अच्छी व्यवस्था के लिए धार्मिक न्यास के पदाधिकारीयों को उचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

### विद्यार्थियों को पुलिस अनुशासन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**जुन्नारदेव।** पुलिस द्वारा थाना परिसर में उड़ान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए पुलिस अनुशासन एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश बघेल एवं उप थाना प्रभारी श्री मुकेश डोंगरे ने बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, नागरिक कर्तव्यों एवं अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बचपन से ही बच्चों को इन विषयों की जानकारी देना उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को यह समझाया कि पुलिस समाज की सुरक्षा के लिए कार्य करती है और किसी भी आपात स्थिति में निडर होकर पुलिस से संपर्क करना चाहिए। इस दौरान बच्चों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 के सही उपयोग की जानकारी भी दी गई।सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम बताए गए। उन्हें ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी देते हुए लाल रुकना, पीला – सतर्क रहना, हरा – चलनाका महत्व समझाया गया।इसके साथ ही जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग, सड़क पार करते समय दाएं-बाएं देखने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनने एवं कार में सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। साइकिल चलाते समय सड़क के बाईं ओर चलने एवं मोड़ लेते समय हाथ के संकेत देने की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बच्चे अपने घरों में "सुरक्षा दूत" बनकर माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जैसे वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना एवं निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना।इस संबंध में उड़ान पब्लिक स्कूल के संचालक श्री मयंक साहू ने जुन्नारदेव पुलिस प्रशासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, सुरक्षा एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, जो समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन का कंबल वितरण , स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क किया दवा वितरण



**परासिया :-** आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत जमुनिया के अंतर्गत ग्राम पाली में विशाल कंबल वितरण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया । जिसमें ग्राम पायली , लोहारढाना , वनग्राम जूनापानी के ग्रामीण एकत्रित हुए थे । कार्यक्रम में एनजीओ के संस्थापक सतीश नागवंशी की विशेष उपस्थिति रही ।आयोजित शिविर के दौरान लगभग 350 जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किए गए, वहीं 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इसके अतिरिक्त 220 लोगों का बीपी एवं शुगर जांच भी की गई । शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया ।कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी बलराम बेलवंशी की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही । जिन्होंने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए संगठन के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया ।स्वास्थ्य शिविर में डॉ. राम कुमार आमगोरिया , दीपक चोरिया , दीपक ठाकुर , नेहा सिंह , संजय विश्वकर्मा , अंकित सूर्यवंशी , अखिल तागड़े सहित अन्य चिकित्सक एवं सहयोगी उपस्थित रहे । सभी ने निस्वार्थ भाव से सेवाएं प्रदान की ।कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के छात्र - छात्राओं को परीक्षा उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई । जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली ।इस अवसर पर ग्राम जमुनिया पठार के सरपंच तुलशराम उइके , सचिव मोहन राठौर , स्थानीय निवासी भगवानदास बालवंशी भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का मंच संचालन केवल प्रसाद धुर्वे द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में महेंद्र सिंह ठाकुर , रमेंद्र उईके , राजकुमार धुर्वे , राहुल पवार , उदय उईके , रामदास उपासे , रिजवान खान आदि उपस्थित रहे ।

### ठंड से राहत के लिए नगर निगम की पहल, जरूरतमंदों को रैन बसेरों में पहुंचाया

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायण एवं नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा रात्रि के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरों में सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया। तापमान में लगातार गिरावट के चलते रात के समय ठंड से परेशान राहगीरों, श्रमिकों एवं बेसहारा नागरिकों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने पोला ग्राउंड, मानसरोवर बस स्टैंड, राजीव गांधी बस्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर एवं रेलवे ब्रिज के नीचे सो रहे लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया, ताकि वे शीत लहर के प्रकोप से सुरक्षित रह सकें। नगर निगम द्वारा कलेक्ट्रेट के पास तथा नरसिंहपुर नाका स्थित रैन बसेरों में महिलाओं एवं पुरुषों के ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। यहां रुकने वाले लोगों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। रैन बसेरों में रूम हीटर, कंबल, धुली हुई चादर, रजाई एवं एलईडी टीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के बस स्टैंड एवं जिला अस्पताल परिसर में अलाव की भी व्यवस्था की गई है, जिससे ठंड से राहत मिल सके। इस अभियान में इंजीनियर ब्रजेश पांडेय, सिटी मैनेजर उमेश पयासी सहित नगर निगम के अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## पीपला शराब दुकान हटाने किया विरोध प्रदर्शन, शराब दुकान नहीं हटी तो होगा उग्र आंदोलन: विधायक

# नगरीय प्रशासन मंत्री का युकां ने जलाया पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगरीय प्रशासन मंत्री मंत्री के 'घंटा' वाले बयान पर गुरुवार को युवक कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर पुतला जलाया,युवा कांग्रेस के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर हाथ मे घटी लेकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता बस स्टैंड पर पहुंचे,जहां पर विरोध प्रदर्शन करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला जलाया है। इस दौरान युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव सोपान कोहले, जिला अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे,ब्लॉक अध्यक्ष राजा बोढे ने बताया इंदौर शहर में मासूम लोगों एवं बच्चों की मौतें हो रही है,वहीं दूसरी और नगरीय प्रशासन मंत्री पत्रकारों से घंटा जैसे अशोभनिय बातें कर रहे हैं। जनता प्यासी मर रही है और मंत्री जी अहंकार में चूर हैं।' बस स्टंड पर मंत्री का पुतला फूंककर कांग्रेसियों ने अपना विरोध दर्ज करते हुए कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा देंना चाहिए,जनता से सार्वजनिक

## पिपला शराब भट्टी को प्रशासन जल्दी हटाये: विधायक



गुरुवार को कांग्रेस की ओर नगर पिपला नारायण वार बस स्टैंड पर स्थित शराब दुकान हटाने हेतु विधायक विजय चौरे की प्रमुख उपस्थिति में नगर कांग्रेस कमेटी पिपला नारायण वार अध्यक्ष कैलाश चौधरी एवं कांग्रेस नेताओं के द्वारा सौसर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान हटाने की मांग की गई। इस दौरान विधायक विजय चौरे ने कहा की प्रशासन शराब दुकान हटाने के लिए हमे आश्वस्त करे अन्यथा नगर पिपला नारायण वार में उग्र आंदोलन कर चक्का जाम किया जायेगा। इस शराब दुकान के कारण पिपला नारायण वार आस-पास के समीपस्थ ग्रामों का प्रमुख नगर हैं,जहां प्रतिदिन आने जाने वाले छात्र–छात्राओं, महिलाओं को भारी परेशानी होती है। शराबी बस स्टैंड पर आकर विवाद झगड़े करते हैं, जिससे कि नगर की शांति भंग हो रही है शराब दुकान को तत्काल यहां से हटाना चाहिए। इस दौरान सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल डीएसपी प्रियंका पांडे के द्वारा आवश्यक कार्रवाही करने का आश्वासन दिया हैं। इस अवसर पर भागवत महाजन ठाकरे, पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी,युवराज जिचकार,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र येमदे,अशोक चौधरी,गुलाबी गैंग कमांडर पूर्णिमा वर्मा,केशव बोड़े,सुभाष आमने,सुनील भांगे,कैलास चौधरी,विट्ठल गायकवाड,संजय ठाकरे,कैलाश चौधरी,अमरीश जैसवाल,दिलीप गुर्वे, ज्ञानेश्वर गावंडे, डॉ शिव सालोटकर,अलकेश बागड़े,आदि थे।

## अनुभूति कार्यक्रम में पहुंचकर स्कूल बच्चों ने जंगल का किया भ्रमण



**दमुआ।** पश्चिम वन मण्डल वन परिक्षेत्र दमुआ सामान्य के अन्तर्गत रामपुर बीट के तहत तवा नदी के तट पर 7 दिसम्बर को अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां म.प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड के आधार पर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से स्कूल बच्चो को वन्य प्राणी पशु पक्षी से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई हम है धरती के दूत पर आधारित कार्यक्रम में मास्टर टेªनर श्री धुर्वे जी बच्चो को पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्राकृतिक के प्रत्यक्ष अनुभूति कराई गई प्राकृतिक जीवों की भूमिका पक्षी दर्शन प्रकृति संतुलन के बारे में समझाया गया कार्यक्रम में वन से संबंधित प्रश्नोउत्तर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें बच्चो का प्रश्नो का सही जवाब देते हुए पुरूस्कार भी प्राप्त किया इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी दमुआ श्री धमेन्द्र शर्मा जी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भविष्य और वर्तमान की बडी जरूरत है आधुनिक युग में बच्चे प्राकृतिक से दूर होते जा रहे है जब तक बच्चे प्राकृतिक को समझेगें नही तब तक वे इसकी रक्षा के लिए प्रेरित नही होगें कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य बच्चो को ना केवल पर्यावरण की जानकारी देना था बल्कि उन्हे इससे जुडी चुनौतियों से भी अवगत कराना था अंत में मास्टर टेªनर श्री संजय धुर्वे जी द्वारा उपस्थित समस्त जनो को वन संरक्षण से संबंधित शपथ दिलाई गई जबकि वन भोज का भी आयोजन किया गया था।

## नपा दमुआ में हो रहा भारी भ्रष्टाचार रूकने का नहीं ले रहा नाम

### मिलीभगत से दिया जाता है भ्रष्टाचार को अंजाम, जांच की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

न.पा. दमुआ में विकास निर्माण कार्य के नाम पर भारी पैमाने पर फर्जीवाडा कर सरकारी राशि का आहरण किया जा रहा और बंदरबांट की जा रही है। और सरकारी राशि को चूना लगाया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि स्टोन डस्ट एवं सामुदायिक मंगल भवन की पुताई पंखे लगाने , इलेक्ट्रिक समानो की खरीदी रसोई घर के बर्तनो की सामग्री और पुताई रिपेरिंग के नाम पर धांधली कर बिल वाउचरो को बढा चढा कर बनाया गया और फर्जी तरीके से शासकीय राशि का आहरण किया जा रहा है इस तरह मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं न.पा अध्यक्ष, लेखा विभाग के संबंधित लोगो की सांठगांठ से सरकारी राशि को चूना लगाया जा रहा है। और अपने पद का दुरूपयोग किया जा रहा है इस तरह न.पा.प दमुआ में फर्जीवाडा भारी पैमाने में फलफूल रहा है और भ्रष्टाचार रूकने का नाम नही ले रहा है उच्च अधिकारियो को चाहिए कि ऐसे भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो की जांच कर इनके विरूद्ध उचित कार्यवाही कर पद से हटाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे लोगो को सबक मिल सके।

## दो माह से पेंशन का भुगतान नहीं

**दमुआ।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीब वृद्ध , विधवा, दिव्यांग जैसे पेंशन धारियों को हर माह पेंशन देने का प्रावधान लागू किया गया है परन्तु अक्सर देखा जा रहा है कि न.पा. दमुआ के द्वारा घोर लापरवाही बरती जाती है और समय पर पेंशन का भुगतान नही किया जाता है हर माह की 1 तारीख से 10 तारीख तक पेशनधारी पेंशन का इंतजार करने लगते है और पेंशन ना मिलने पर वे न.पा दमुआ एव बैकों के चक्कर काटने लगते है एवं परेशान हो जाते है इस तरह पेशनधारी मोहम्मद रफीक मामू ने बताया कि मुझे 2 माह से पेंशन नही मिली है और न.पा दमुआ एवं बैक संबधित अधिकारियों के पास पहुंचकर पूछा जाता है तो अधिकारी भी यह कहकर अभी तुम्हारी पेंशन नही आई है तुम्हारा तो यही काम है कहकर टाल देते है ऐसी परिस्थितियों में पेंशनधारी मायूस होकर वापस आ जाते है और आर्थिक परिस्थितियो से जूझते रहते है उन्हे तो केवल पेंशन जैसी योजना सुविधा का ही मात्र सहारा है।

## इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

**सौंसर।** अशासकीय शाला ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया।यह 4 दिवसीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता के लिए किया गया, इस प्रतियोगिता में 5 स्कूल ने सहभागिता की है।जिसमें एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल खैरीतायगाव एजुकेशन पॉइंट स्कूल, लोधीखेड़ा गुरुकुल हाईस्कूल, पारडसिंगादेव संस्कृति स्कूल, बोरगाँव ज्ञान गंगा स्कूल, पारडसिंगा है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलेश ठाकरे, हर्षल काले, भारत रंगारे, धीरज घूगल, अंकित ब्रम्हे उपस्थित रहे हैं।खेल स्पर्धा में समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है। अंडर - 12/14/16 आयु वर्ष के विद्यार्थियों की 100 मीटर रेस, रिले रेस की स्पर्धा हुई। सभी अतिथियों ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में खेलो महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

## जल्द खुलेगा केंद्रीय विद्यालय, भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से मुलाकात



**सौंसर।** क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की आहट सुनाई दे रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के सकारात्मक आश्वासन के बाद, अब सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की कवायद तेज हो गई है।इसी सिलसिले में गुरुवार को भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने मांग की है कि विद्यालय के लिए आवश्यक भूमि का आवंटन और अन्य प्रशासनिक औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं, ताकि क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिल सकेगा,गुरुवार को भाजपा नेताओं ने केंद्रीय विद्यालय सौसर की स्थापना हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्री के आश्वासन के बाद जिला प्रशासन से भेट की है। पूर्व भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ ने बताया पूर्व में छिंदवाड़ा–पांढुरना संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू एवं पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक नाना मोहोड द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के उपरांत, इसी विषय को आगे बढ़ाते हुए भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर पांढुरना से भेंट कर आगामी नए शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने का आग्रह किया है, साथ ही केंद्रीय विद्यालय को लेकर आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग रखी।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में युवा दिवस सेवा सप्ताह अतंर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में युवा दिवस अंतर्गत सेवा सप्ताह के अवसर पर दिनांक 08 जनवरी 2026 को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। वक्ता द्वारा स्वच्छता को स्वस्थ जीवन एवं सशक्त समाज की नींव बताया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता कर स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक दायित्वबोध विकसित करना एवं स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना रहा।

## शिकायत मिलने पर पालडोंगरी कैप पहुंचे नायब तहसीलदार, दी हिदायत

# किसानों को करना पड़ रही हमाली, सर्वेयर तंबू में फरमा रहे आराम



हरिभूमि न्यूज लांजी।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच रहा है। परंतु उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था के कारण अब भी किसानों को परेशानी का सामना ही करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा किसानों द्वारा लाई गई धान की क्वालिटी चैक करने के लिये सर्वेयर भी तैनात किये गये है परंतु सर्वेयरों द्वारा भी अपनी ड्यूटी न करते हुए प्रशासन द्वारा मिली इस जिम्मेदारी को अपनी आवक का जरिया बना लिया गया है। ताजा मामला लांजी क्षेत्र के पालडोंगरी कैप का है जहां इस वर्ष 5 समितियों द्वारा धान खरीदी की जा रही है। जिसमें कुम्हारी खुर्द के उपार्जन केंद्र में सर्वेयरों की मनमानी से किसान खासे परेशान है। यहां पर शुरू से ही सर्वेयर द्वारा किसानों से क्वालिटी चैक के नाम पर राशि की मांग की जाती रही है जिसकी पूर्व में शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभाव से सर्वेयर को हटाया गया था और वर्तमान में हिमांशु ठाकुर और बसंत सलामें नामक सर्वेयर यहां अपनी सेवाएं दे रहे है परंतु इनके द्वारा भी अपने कार्य में लापरवाही बरतते हुए क्वालिटी चैक न करते हुए केंद्र में बने तंबू में आराम करते देखे गये। वहीं जब सर्वेयरों से इस संबंध में सवाल किया गया तो उनका कहना था की किसानों द्वारा विवाद की स्थिति उत्पन्न करने के कारण वह धान को चैक ही नहीं कर रहे है।

**किसान खुद पलटा रहे थे अपनी धान:** पालडोंगरी के कुम्हारी खुर्द उपार्जन केंद्र में देखा गया की यहां जिन किसानों द्वारा अपनी उपज यहां लाई गई थी उन्हें मजदूर न मिलने के कारण मजबूरी में स्वयं ही अपनी बोरी से केंद्र की बोरी में पलटकर कांटा किया जा रहा था। जबकि नियमानुसार पहले किसानों की बोरियों से धान निकलवाकर उसका ढेर लगाने के बाद सर्वेयर द्वारा उसका परीक्षण किया जाता। इसके पश्चात धान को बोरी में भरकर तौल किया जाता परंतु उक्त खरीदी केंद्र में ऐसा न होते हुए सर्वेयर अपनी मनमानी करते नजर आए। यहां पर रजिस्टर में मजदूर होने के बावजूद मौके पर एक भी मजदूर नहीं मिलता, जिससे किसानों को खुद हमाली करनी पड़ रही है। किसानों का आरोप है कि तौल के नाम पर प्रति बोरी 400 ग्राम धान अतिरिक्त लिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

**नायब तहसीलदार ने दी सर्वेयरों को हिदायत:** पालडोंगरी के कुम्हारी खुर्द में सर्वेयरों की शिकायत मिलने पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने तत्काल कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार संजय बारस्कर को मौका स्थल पर भेजा जिनके द्वारा दोनो ही सर्वेयरों को नियमानुसार धान खरीदी का कार्य करने के लिये कहा गया। वहीं केंद्र प्रभारी श्री समरीते ने बताया की सर्वेयरों द्वारा उनकी भी बातों को नजर अंदाज कर दिया जाता है और अपनी मनमानी करते हुए धान के परीक्षण में लापरवाही बरती जा रही है जिसका खामियाजा अपने विभागीय अधिकारियों की डांट फटकार सुनकर भुगतना पड़ रहा है। जबकि किसानों ने इस संबंध में बताया की केंद्र द्वारा उन्हें धान पलटाने के लिये पाल भी उपलब्ध नहीं कराई है जिसके कारण उन्हें अपनी धान इस तरह पलटी करनी पड़ रही है।

## नगर परिषद लांजी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 की घटना

# पेड़ काटने की बात पर दो पक्षों में विवाद, मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में दो पक्षों में करंजी के पेड़ को काटे जाने पर विवाद हो गया। विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर मारपीट कर जान मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना लांजी में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में पुलिस जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 3 निवासी सुमित पिता प्रेमलाल ठाकरे ने बताया की वह बीए प्रथम वर्ष का छात्र है तथा उनके पड़ोसी सुनील शर्मा के साथ उनका जमीन संबंधी विवाद न्यायालय में विचाराधान है। सुमित ने बताया की उनके घर के पीछे हमारे द्वारा लगाया गया करंजी का पेड़ है जिसे सुनील शर्मा द्वारा दोपहर में काटा जा रहा था जिसे मना करने पर सुनील शर्मा ने मां बहन की गंदी-गंदी अश्लील गालियां देते हुए पास में रखे ईंट से मारकर घायल कर दिया। जिससे मेरे दाहिने पैर की उंगली में चोट आई है और खून भी निकल रहा है। उक्त घटना को जतिन ठाकरे, अमित ठाकरे, सागर चन्ने ने देखे व सुने हैं। घटना की शिकायत मिलने पर लांजी पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### हमेशा विवादों को बढ़ावा देता है सुनील शर्मा: सुमित ठाकरे

शिकायतकर्ता सुमित ठाकरे ने बताया की वार्ड नं. 3 निवासी सुनील शर्मा लगातार क्षेत्र में विवादों को बढ़ावा देता है तथा पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के विषय में सोशल मीडिया में अनर्गल पोस्ट एवं मैसेज करता है। जिसका विरोध नहीं होने के कारण उसके हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे है। सुमित का कहना था लांजी क्षेत्र में डबलमनी प्रकरण को लेकर भी सुनील शर्मा द्वारा नगर के प्रतिष्ठित लोगों को जबरन अपने ग्रुप में शामिल कर लिया गया है और पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आंदोलन करने, उनके आगमन पर उनके साथ मारपीट करने तथा खुद को एसपी बना देने की बात करते रहता है। इसके साथ ही कभी किसी सामाजिक कार्यक्रम हो, धार्मिक कार्यक्रम हो या राजनीतिक आयोजन इसके द्वारा हर मामले में डबलमनी का जिक्र करते हुए नगर के शांत वातावरण में जहर घोलने का प्रयास किया जाता है। जिस पर पुलिस प्रशासन को संज्ञान लेकर सुनील शर्मा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करना चाहिए।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने 20 वर्षों से निरन्तर हो रही प्रतियोगिता

# स्व. मोहनसिंह उईके स्मृति फुटबॉल का हुआ शानदार समापन



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** खेलो की नगरी के नाम से विख्यात उकवा के समीप वन से घिरा एवं टिप्पागड़ की पहाड़ियों से घिरे ग्राम राजपुर में विगत बीस वर्षों से निरन्तर ग्रामीण प्रतिभाओं के निखारने के उद्देश्य से दादर स्पोर्ट् क्लब राजपुर द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का योजन ग्राम के किया गया,जिसमें क्षेत्र की लगभग 15 टीमों ने हिस्सा लिया ,ओर पांच दिनों तक चली इस प्रतियोगिता का शानदार समापन किया गया जिसमें विजेता उपविजेता को अनेक आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

**ये रहे उपस्थित:** समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष संभल सिंह धुर्वे,फुटबॉल संघ बालाघाट के जिला उपाध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक,थाना प्रभारी दीपक त्रिपाठी,जनपद सदस्य धारा सिंह मर्सकोले,सरपंच अंजली मरकाम,उपसरपंच राजकुमार नागेश्वर,आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

**इमानुएल क्लब रही विजेता:** फाइनल मुक़ाबले में उकवा की इमानुएल क्लब एवं पवन स्पॉटिंग क्लब राजपुर की टीम के मध्य घमासान हुआ,जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अंतिम तक दोनों टीम मैदान में गोल दागने में विफल रही,फिर अंतिम निर्णय ट्राइबेकर के माध्यम से हुआ जिसमें इमानुएल क्लब विजेता बनी ,जिसे। नगद दस हजार एवं चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई,एवं उपविजेता को सात हजार एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के वन समिति अध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्र, ग्राम मुक्कदम प्रीतम आलोद,जयदीप मर्सकोले,लोकेश सिंगमारे, पंच युवराज रावनेर,निहाल परते, अनुज मर्सकोले,लोकेश मर्सकोले, निलेश मर्सकोले, अंकेश अंकलेश्वर, मनोज मर्सकोले, अनीश परते, अंकित उईके, प्रीत शुभम मर्सकोले, सुमित मडावी, निखेश, अफ़लोज, राजकुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय व नपा की भूमि पर किए गए कब्जे व अवैध निर्माण को हटाने में प्रशासन उदासीन

# खाली भूमि पर प्रिकास्ट वाल से किए गए कब्जे को नगरपालिका ने हटाया



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी नगरीय क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने की घटनाओं में लगातार वृद्धि होती जा रही है। लेकिन वारासिवनी का प्रशासनिक अमला इस मामले में उदासीन बना हुआ है। तहसीलदार, एसडीएम व नगरपालिका को शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जों को हटाने में कोई विशेष रुचि दिखाई नहीं दे रही है। नगरपालिका तो कभी कभी अध्यक्ष व पार्षदों की व्यक्तिगत रुचि के अतिक्रमणों पर कार्यवाही कर रही है, लेकिन अध्यक्ष व पार्षदों को भी वास्तविक कब्जों को हटाने में कोई रुचि नहीं है।

**वार्ड नम्बर 2 में पूर्व सांसद देशमुख के घर के पीछे खाली भूमि पर किया जा रहा था कब्जा:** ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड नम्बर 2 में पूर्व सांसद के डी देशमुख के निवास स्थान के पीछे स्थित श्री ठाकरे के मकान के बाजू में रखी हुई खाली भूमि का सामने आया है। जहॉ पर एक व्यक्ति उस खाली भूमि को अपनी पुश्तैनी भूमि बताकर प्रिकास्ट बाउंड्रीवाल के माध्यम से कब्जे में करने का प्रयास कर रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके अपने दल बल के साथ उस स्थान पर पहुॅचे। जहॉ उन्होंने उस व्यक्ति से भूमि से संबंधित कागजातों की मॉग की, तो उसके पास कोई भी कागज उपलब्ध नहीं थे। जिसके बाद नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा भूमि के आसपास लगे हुए प्रिकास्ट बाऊंड्रीवाल को निकाल कर भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया।

**अनेंक स्थानों पर शासकीय व नपा की भूमि पर अवैध कब्जे:** यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर के विभिन्न स्थानों में नगरपालिका एवं शासन की नजूल भूमि पर कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर निर्माण कार्य भी कर लिया गया है। जिसकी जानकारी व शिकायत नगरपालिका अधिकारियों व अध्यक्ष को भी की गई है। इन अवैध कब्जों के बारे में परिषद के पदाधिकारियों को भी पता है, लेकिन किसी के द्वारा भी आज तक उन अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाने का प्रयास नहीं किया गया है।

**शिकायत के बावजूद नहीं होती है कार्यवाही:** चर्चा हैं कि वार्ड नम्बर 2 के जिस स्थान से अवैध कब्जे को हटाया गया है, उस स्थान के पास ही नगरपालिका स्वामित्व की भूमि भी है, जिस पर गलत तरीके से भवन का निर्माण कार्य कर लिया गया है, लेकिन शिकायत के बावजूद उस निर्माणकर्ता के खिलाफ आज तक नगरपालिका अधिकारियों व अध्यक्ष द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करवाई गई है। जिससे नगरपालिका के पदाधिकारियों के अतिक्रमण व अवैध कब्जे को हटाने की मंशा पर सवालिया निशान भी लग रहे है।

## पतंजलि योग पीठ स्थापना दिवस पर एक कुंडी यज्ञ का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के स्थापना दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति वारासिवनी द्वारा एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन साधना कक्ष जिला योग प्रशिक्षण केंद्र टिहलीबाई वारासिवनी में किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी के द्वारा एक कुंडीय यज्ञ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी साधकों द्वारा हवन किया गया। हवन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत, भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए देशवासियों को जागरूक करना था। इस प्रकार के आयोजन से लोगों को योग और आयुर्वेद के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पतंजलि योगपीठ के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर यज्ञ, हवन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# आपकी खबरों से हम जनता के प्रति सजग रहते हैं : दिनेश राय मुनमुन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोशल मीडिया के बीच में आपको सर्ववाईव करना है और आप लोगों को आगे बढना है। आप हमारे परिवार के सदस्य है, सभी अपने तरीके से कार्य करते है। मैंने कभी नहीं माना की आप पत्रकार है मैं नेता हूं। तथ्यात्मक खबरे हमें अपनी कमियों को दूर करने का अवसर देता है, कमियां दिखाना भी एक कला है। आपकी खबरों से हम जनता के प्रति सजग रहते है। आपका एक महत्व व सम्मान आज भी बरकरार है इस बात को हम समझते है, जानते है।

इस आशय की बात 07 जनवरी बुधवार को राशि लॉन में आयोजित राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती व देवऋर्षि नारद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लन व माल्यार्पण से किया। सरस्वती वंदना परिषद के संस्कृतिक प्रभारी श्री संजय जैन संजू ने प्रस्तुत की।

मंचीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, विशिष्ठ अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सुजीत जैन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, परिषद के राष्ट्रीय संयोजक श्री नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव श्री देवशंकर अवस्थी, प्रदेश मुख्य महासचिव श्री विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव श्री अनुरोध पटेरिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री उमेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश महासचिव समाज कल्याण प्रकोष्ठ श्री तरूणकुमार सोनाने, प्रदेश प्रभारी श्री शिवकुमार तिवारी, गृहनिर्माण समिति प्रदेश प्रभारी श्री सुदेश कामले, संभागीय उपाध्यक्ष श्री शिव चौरसिया, प्रदेश सचिव संतराम काम्बरे, श्री सतीश अग्रवाल,मंचासीन रहे। साथ ही परिषद के जिला अध्यक्ष श्री शरद दुबे, पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्री ओपी दुबे भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर अपने परिवारिक कारणों के चलते बरघाट विधायक कमल मर्सकोले कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाये लेकिन उनके द्वारा फोन पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को साधुवाद दिया गया।

मंचासीन अतिथियों का परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शाल-श्रीफल व फूलमालाओं से स्वागत किया। परिषद के उपाध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इंटरनेट मीडिया की चुनौतियों तथा गांव व तहसील से पहुंचे पत्रकारों के संबंध में अपनी बात रखी।

श्री राय ने आगे कहा कि पत्रकार भवन बनाने की मांग पर कई वर्षों से चर्चा हो रही है। मेरे पास भी यह विषय कई बार आ चुका है, मैं 10 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा भी कर चुका हूं, लेकिन जमीन नहीं मिलने के कारण कार्यालय नहीं बन पाया है। कोई भी जगह निर्धारित कर ले, ताकि जल्द से जल्द पत्रकारों को अपना स्वयं का भवन मिल सके।

### जब बात सिवनी के विकास की आये तो सदन को एक होना चाहिए-सुजीत जैन

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुजीत जैन ने कहा कि समाज व शासन-प्रशासन के प्रति आपकी क्या भूमिका होना चाहिए यह मुझे बताने की आवश्यकता नहीं है, इस बात से आप भलिभांति परिचित है। पर जब बात सिवनी के विकास की आये तो, बात जब सिवनी को जो चाहिए उसकी आये तो मैं चाहता हूं की सम्मानीय संदन एक होना चाहिए, वहां पर किन्तु परंतु नहीं होना चाहिए। उन्होने सफल आयोजन के जिला इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों की एकजुटता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### श्रमजीवी बनना कोई आसाना काम नहीं-एसपी पुलिस

अधीक्षक श्री सुनील मेहता ने कहा कि श्रमजीवी बनना कोई आसान काम नहीं है। मैं दाबा करता हूं कि इस दुनिया में ऐसा कोई पेशा नहीं है जिसमें कठनाईयां ना हो, लेकिन इस पेशे की कुछ विशेषताएं है आपकी कुछ जिम्मेदारियां है वो आपके आदर्श के रूप में आपके सामने है। आपका अपना ओदा है आपका अपना प्रभाव है। इसी बनाये रखना आपकी जिम्मेदारी है।

### -तथ्यात्मक खबरे प्रशासन की मददगार बनती है-कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि आपकी खबरे लोगों को एजुकेट करने का कार्य करती है। समस्याओं से भी आप प्रशासन को अवगत कराते है। आप लोगों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण व संजिदा है, जिसकी समाज को सबसे अधिक आवश्यकता है। इसलिए पत्रकारिता को चौथा स्तभ कहा जाता है।

इसलिए जरूरी भी है कि पत्रकारिता मजबूत हो और उनके कठिन परिश्रम को सम्मान मिले। उनके अथक प्रयासों को सम्मान दिया जाये। ब्रेक्रिंग न्यूज की होड़ होती है जिससे मुश्किले बढ़ी है। हम तक सही तथ्यात्मक खबर पहुंचेगी तो






उस पर काम करने में प्रशासन को मदद मिलेगी। डॉक्टर, वकील का उदाहरण देते हुए उन्होने कहा क खबरों के साथ भी कुछ ऐसी ही स्थिति है जो समाचार पत्रों की विश्वसनीयता को बढ़ाती है। राष्ट्रीय महासचिव देवशंकर अवस्थी ने पत्रकारों की लेखनी और काम करने के तरीके पर अपनी बात रखते हुए कहा कि गांव व कस्बे की छोटी सी खबर भी राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी पहचान बना सकती है, लेकिन इसके लिए जमीनी स्तर पर पत्रकारों को सजगता से निरंतर प्रयास करने होंगे। मध्यांतर के बाद सम्मेलन के द्वितीय सत्र में पत्रकारों की समस्याओं उनके हितों व प्रशासनिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने अपना मार्गदर्शन दिया। प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने बताया कि परिषद पत्रकारों की सुरक्षा व हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कई विषयों को परिषद ने प्रमुखता से उठाया है पत्रकारों के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों पर कार्यवाहियां भी हुई है।

प्रदेश प्रवक्ता श्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पत्रकारों को स्वयं का आवास दिलाने के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है। इस विषय पर मध्यप्रदेश सरकार से परिषद की चर्चा चल रही है। श्री अनुरोध पटेरिया ने भी संगठनात्म विषयों को रखा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संयोजक श्री नलिनकांत बाजपेयी ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम पर जिला कार्यकारिणी व अध्यक्ष





श्री शरद दुबे को बधाई दी, साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव व श्री प्रशांत शुक्ला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत करने की घोषणा मंच से की गई। सभी अतिथियों को परिषद जिला इकाई की ओर से हमारी सिवनी की प्राकृतिक, एतिहासिव व धार्मिक धरोहर पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। बाक्स- हरियाली का दिया संदेश जिले की सभी ब्लॉक इकाईयों से पहुंचे अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने मंचीय कार्यक्रम में आपना परिचय व समाचार संकलन में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। हरियाली का संदेश देते हुए परिषद की ओर से गांव व तहसील से पहुंचे सभी पत्रकार साथियों को पौधा भेट किया गया, साथ ही उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम कुशल मंच संचालन खेल शिक्षक श्री संदीप मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मंचासीन अतिथियों ने परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही आयोजन में विशेष सहयोग के लिए भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल का परिषद की ओर से शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अयोध्या विश्वकर्मा का भी शॉल-श्रीफल एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष श्री शरद दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सहयोगियों, इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के शानू पाशा, संतीश शर्मा, संदीप ठाकुर, विनोद सोनी, राधेश्याम सनोडिया, गोपाल चौरसिया, लोकेश उपाध्याय, श्याम सोनी, संतोष दुबे, महेन्द्र सनोडिया, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र सोनी, रवि सनोडिया, राजू तिवारी, राकेश मालवीय, विष्णु शर्मा, अनिल दामड़ें, अयुब कुरैशी, चेतन गांधी, हसीब मोहम्मद, सुनील बंदेवार, गगन विश्वकर्मा, मुकेश सेन का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### उमंग सिंघार का सिवनी आगमन आज, जिले के कांग्रेस नेता गणो, कार्यकर्ताओं मुलाकात करेंगे



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, धार जिले के गंधवानी विधानसभा के उर्जावान विधायक एवं म.प्र. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री उमंग सिंघार जी का अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत दिनांक 9 जनवरी 2026, दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे, सिवनी आगमन हो रहा है। श्री सिंघार जी, सर्किट हाउस में जिले के कांग्रेस नेता गणो, कार्यकर्ताओं एवं जन सामन्य से मुलाकात करेंगे।।मुलाकात के तत्पश्चात 3.30 बजे वरिष्ठ कांग्रेसी श्री बाबूलाल जी बघेल/मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री राजा बघेल जी के परिवार जनों द्वारा शिवशक्ति मैरिज लॉन खैरी टेक में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ महोत्सव में शामिल होकर परिवार जनों से सौजंय भेंट कर, शाम 6 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान होंगे।

### धान उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग 13 जनवरी तक

**सिवनी**,/जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 01 दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों की स्लॉट बुकिंग 13 जनवरी 2026 तक की जा सकती है। जिन किसानों से स्लॉट बुकिंग छूट गई है, वे समय पर स्लॉट बुक कराकर अपनी फसल का विक्रय सुनिश्चित करें

# अमृत 2.0 योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में डीएलआरएमसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, विधायक केवलारी रजनीश सिंह, समस्त नगर पालिका एवं नगर परिषदों के अध्यक्ष, परियोजना अधिकारी, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जलप्रदाय, सीवरेज, पार्क निर्माण, ग्रीन स्पेस एवं वाटर बॉडी जैसे विभिन्न घटकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि योजना का उद्देश्य



नगरीय नागरिकों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सीवरेज व्यवस्था एवं पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक स्थलों की सुविधा उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जिन स्थानों पर तकनीकी स्वीकृति, भूमि आवंटन या अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्य लंबित हैं, वहां आपसी समन्वय कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा के दौरान घरेलू कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने, नेटवर्क विस्तार एवं भू-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीवरेज एवं पार्क निर्माण कार्यों में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति में संतुलन बनाए रखने को कहा गया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने स्पष्ट किया कि अमृत 2.0 योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी नगर निकाय नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय कुराश मार्शल आर्ट स्पर्धा बिहार में सिवनी के अक्षांश चयनित

**सिवनी**। सिवनी जिले के लिए गर्व का विषय है कि श्री महावीर व्यायामशाला के होनहार खिलाड़ी अक्षांश दीक्षित का चयन बिहार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुराश मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए हुआ है। अक्षांश दीक्षित मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सिवनी जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।



श्री महावीर व्यायामशाला के मुख्य मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सोहन लाल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कुराश मार्शल आर्ट स्पर्धा में सिवनी जिले के दो खिलाड़ियों ने कोच आशीष यादव के मार्गदर्शन में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में अक्षांश दीक्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि मोनिश खान ने कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि बिहार के राजगीर (जिला राजगीर) में दिनांक 8 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय कुराश मार्शल आर्ट स्पर्धा में अक्षांश दीक्षित मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व करेंगे। श्री महावीर व्यायामशाला में वर्ष भर निशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस प्रशिक्षण से तैयार खिलाड़ी विभिन्न मार्शल आर्ट खेलों में सिवनी जिले को न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिला रहे हैं और पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम गौरवपूर्ण ढंग से रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीतने की कामना एवं राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने पर संस्था अध्यक्ष श्री सुदर्शन बाझल, शंकर लाल सोनी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# इमोशनल बेल बीइंग भावनात्मक कल्याण विषय पर मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

सांदीपनि विद्यालय कक्षा ग्यारहवीं मे अध्यनरत छात्र- छात्राओं को इमोशनल बेल बिइंग भावनात्मक कल्याण सकारात्मक -नकारात्मक भाव को लेकर के कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित एल आर बछालिया प्रचार्य, ए के अवस्थी उप प्राचार्य, विनीता बघेल एनसीसी ऑफिसर प्रियंका साहू वरिष्ठ अध्यापिका ,रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल संरक्षण समिति ने दया करूणा स्नेह सम्मान प्रेम श्रद्धा आशा



वात्सल्य विषय को लेकर मोटिवेट किया एवं क्रोध, निराशा ईर्ष्या जैसे नकारात्मक सोच से दूर रहने की समझाइए दी ।शिक्षा मैं सफलता के लिए शारीरिकरुप से एवं मानसिक रूप से स्वस्थता की आवश्यकता के लिये दिनचर्या का स्केल आधारित नियमावली का पालन करना पडेगा। भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री राम की शिक्षा की अनुशासन ओर आज्ञा संस्कार से परिपूर्ण होने के कारण ही सम्पूर्ण विधाओ मे परिपक्वता थी।छात्र जीवन मे इनका अनुशरण कर आगे बढना चाहिए ।

# पिंक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए विशेष शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास सिवनी द्वारा बताया गया कि महिलाओं की सुविधा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिलाओं-बालिकाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के लिए निःशुल्क विशेष शिविर का आयोजन शुक्रवार 09 जनवरी को कार्यालय वन स्टॉप सेंटर, सी.वी. रमन वार्ड, वृद्धाश्रम के पास, सिवनी में दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित समस्त जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। पात्र एवं इच्छुक महिलाएं/बालिकाएं निर्धारित समय पर आधार कार्ड, फोटो एवं जन्मतिथि से संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित होकर इस विशेष शिविर का लाभ ले सकती हैं।

# सुपोषण दिवस पर जेंडर संवेदनशीलता एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट पर जागरूकता संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी श्री मनोज लारोकर एवं प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# पेयजल गुणवत्ता एवं जलजनित बीमारियों को लेकर नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के नगरीय निकाय सिवनी, केवलारी, छपारा एवं लखनादौन के पेयजल कार्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेयजल गुणवत्ता तथा जलजनित बीमारियों की जानकारी हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण जिले में स्थित चार जल प्रयोगशालाओं—सिवनी, केवलारी, लखनादौन एवं छपारा में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्रियों एवं रसायनज्ञों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को पेयजल गुणवत्ता के विभिन्न पैरामीटर की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जल में विभिन्न तत्वों की अधिकता से होने वाली बीमारियों तथा उनके दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में जलप्रदाय किए जाने के पूर्व बरती जाने वाली विशेष सावधानियों पर भी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री, रसायनज्ञ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा पेयजल व्यवस्था से संबंधित मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

### कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता हुआ आयोजन

**सिवनी**, प्राचार्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय, सिवनी ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में 6 से 12 जनवरी युवा उत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 7 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रीय निर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा छात्राओं को प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले की अध्यक्षता एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी रामदीन भलावी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती अल्का उइके, डॉ. हेमराज नागवंशी, डॉ. समिता शर्मा, डॉ. अर्पणा अवस्थी, डॉ. अनिता भट्ट, सुश्री वर्षा पांडे, राकेश श्रीवास एवं श्री विवेक पालीवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिता बुर्डे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

# युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह एवं अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले की शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं, योग संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन हेतु विभागवार दायित्व निर्धारित किए गए। नगर पालिका को आयोजन स्थल एवं आसपास क्षेत्र की साफ-सफाई, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। जिला स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय दल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों की सहभागिता, शिक्षण संस्थाओं से समन्वय एवं अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश प्रदान किए गए।

16 जनवरी को करेंगे बिजली कार्यालय का घेराव

## रबी फसल के लिए किसानों ने की 10 घंटे बिजली की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में धान उत्पादक किसान रबी की फसल के लिए दिन में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे है। इसे लेकर वे 16 जनवरी को आंदोलन करेंगे। गुरुवार को किसान गर्जना संगठन के बैनर तले किसानों ने मोती उद्यान में बैठक की, जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 16 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित बिजली विभाग के अभियंता कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस घेराव में जिले के रबी की धान लगाने वाले किसानों से एकजुट होकर शामिल होने का आह्वान किया गया है।

किसान गर्जना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि किसानों की मुख्य मांग है कि 1 फरवरी से रबी की फसल के लिए सुबह से शाम तक लगातार 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में सरकार द्वारा सुबह और रात में बिजली दी जा रही है।

चौधरी ने बताया कि रात के समय वन्यजीवों का डर रहता है, जिससे किसान खेतों में काम करने से भयभीत हैं। हाल ही में वन्यजीवों ने रिहायशी इलाकों में पहुंचकर मवेशियों का शिकार भी किया है। इसलिए किसान रात की बजाय दिन में बिजली आपूर्ति चाहते हैं।

उन्होंने जिले के सभी रबी धान उत्पादक किसानों से दलगत भावना से ऊपर उठकर इस मांग के समर्थन में एकजुट होने और आवाज उठाने का आग्रह किया है।

बोले वनमंडलाधिकारी पीएम रिपोर्ट का इंतजार, वन्यजीव प्रेमी ने की शिकायत

## वन्यप्राणी तेंदुए की मौत का रहस्य बरकरार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में 23 दिसंबर को उत्तर सामान्य वन परिक्षेत्र लामता के जंगल में एक नर तेंदुआ संदिग्ध हालत में मृत मिला था। इसके बाद, 1 जनवरी को उत्तर सामान्य वनमंडल के दक्षिण लामता अंतर्गत मगदर्रा सर्किल से एक किलोमीटर दूर खेत में एक मादा तेंदुआ मृत पाई गई। हालांकि अब तक नर और मादा तेंदुए की मौत का रहस्य अब तक नहीं सुलझ पाया है।

वनमंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि दोनों तेंदुओं की पोस्टमॉर्टम (पीएम) रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

जिले में वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों पर वन्यजीव प्रेमियों ने चिंता व्यक्त की है। वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने बताया कि बालाघाट में संरक्षित क्षेत्रों की तुलना में असंरक्षित क्षेत्रों में वन्यजीवों की संख्या अधिक है, लेकिन जिले के आला अधिकारी वन्यजीवों के प्रबंधन में प्रशिक्षित नहीं हैं।

वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने यह भी कहा कि वन्यजीवों की मौत के मामलों में जिले का वन अमला अक्सर पेंच और कान्हा राष्ट्रीय उद्यानों पर निर्भर रहता है। कोचर ने जिले में वन्यजीवों की असमय मौतों को लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ में शिकायत दर्ज कराई है।

यह पहली बार नहीं है जब जिले में वन्यजीवों की मौत के मामले अनसुलझे रहे हैं। दक्षिण वनमंडल के कटंगी क्षेत्र में 12 दिसंबर को करंट लगने से एक सब-एडल्ट बाघ की मौत हो गई थी, जिसके आरोपी अब भी फरार हैं। इससे पहले, लालबर्रा परिक्षेत्र के सोनवानी अभयारण्य में एक बाघ की संदिग्ध मौत और उसके शव को बिना प्रोटोकॉल के जलाए जाने का मामला भी सुर्खियों में रहा था।

इस घटना में वन अधिकारी पर कांग्रेस विधायक को रिश्वत देने का आरोप भी लगा था, जिससे जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया था।

## स्टॉप डेम बना किसानों की खुशहाली का आधार, मुरझड़ में जलसंकट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वारासिवनी तहसील के अंतर्गत लालबर्रा रोड पर मुरझड़ ग्राम के पास टोंड्या नाले पर निर्मित स्टॉप डेम आज क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 द्वारा लगभग 43 लाख रुपये की लागत से बनाए गए इस स्टॉप डेम ने इलाके की जल स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।


मुरझड़ के श्मशान घाट के समीप बने इस स्टॉप डेम में वर्षा का पानी लंबे समय तक संग्रहित रहता है। इससे आसपास के किसानों को धान की फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां खरीफ के मौसम में भी खेतों तक पानी पहुंचाना चुनौती भरा होता था, वहीं अब किसान समय पर सिंचाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। स्टॉप डेम का लाभ केवल खेतों तक ही सीमित नहीं है। इसमें संचित जल के कारण आसपास के कुएं और हैंडपंप भी रिचार्ज हो रहे हैं, जिससे गांव में भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। गर्मी के दिनों में भी पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस स्टॉप डेम के निर्माण से खेती के साथ-साथ गांव के जीवन में भी स्थायित्व आया है। जल संरक्षण की यह संरचना न केवल फसलों की प्यास बुझा रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा की मजबूत नींव भी रख रही है।

अवैध रूप से मांझा बेचने या उपयोग करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

## कलेक्टर के आदेश, जिले में चाइनीज मांझे पर होगी सख्त रोक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मकर संक्रांति पर्व के दौरान पतंगबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना ने आमजन की सुरक्षा को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले में चाइनीज मांझे पर पूर्णतः प्रतिबंध के आदेश जारी किये है।

जारी आदेश के अनुसार जिले में नायलॉन, प्लास्टिक अथवा किसी भी प्रकार के सिंथेटिक पदार्थ से निर्मित पतंग उड़ाने वाले धागे (चाइनीज मांझा) के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं उपयोग पर पूरी तरह रोक रहेगी। इस प्रकार का मांझा अत्यधिक धारदार होने के कारण आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों व युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा यह पशु-पक्षियों के लिए भी घातक है तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। मकर संक्रांति के दौरान केवल पारंपरिक सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी, वह भी इस शर्त पर कि धागे में कांच, धातु अथवा किसी अन्य खतरनाक पदार्थ का प्रयोग न किया गया हो। किसी भी प्रकार का संशोधित या रासायनिक लेपित मांझा प्रतिबंधित रहेगा।

जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में सघन निगरानी कर बाजारों में चाइनीज मांझे की बिक्री पर विशेष नजर रखे और अवैध रूप से मांझा बेचने या उपयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या दुकानदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे मकर संक्रांति का पर्व सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाएं तथा चाइनीज मांझे का उपयोग न कर सूती धागे का ही प्रयोग करें।

बगैर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर्स संचालन का मामला

## कटंगी-अर्जुननाला का शिवशक्ति मेडिकल स्टोर्स सील किया गया




हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में बगैर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर्स का संचालन करने वाले व्यक्तियों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में औषधि निरीक्षक एवं कटंगी तहसीलदार श्री शांडिल्य द्वारा 08 जनवरी को कटंगी-अर्जुननाला स्थित शिवशक्ति मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि मेडिकल स्टोर्स का संचालन अधिकृत फार्मासिस्ट के बगैर किया जा रहा है, जो कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस पर शिवशक्ति मेडिकल स्टोर्स को तत्काल सील कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को निर्देशित किया है कि वे शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करे और बगैर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर्स का संचालन न करे। इससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बगैर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर्स का संचालन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

## शासकीय कार्यालयों में बिना वैध दस्तावेज के वाहन नहीं चलेंगे

*बीमा, फिटनेस व परमिट अनिवार्य, परिवहन विभाग ने जारी किए आदेश*

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग ने शासकीय विभागों, निगमों एवं निकायों द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए अनुबंधित किए जाने वाले वाहनों के संबंध में नवीन निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार अब बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी वाहन को शासकीय कार्यालयों में उपयोग में नहीं लिया जा सकेगा।

परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि शासकीय विभागों द्वारा सीधे अथवा निजी एजेंसियों के माध्यम से उपयोग में लाए जाने वाले सभी मालवाहक एवं यात्री वाहनों के वैधानिक दस्तावेज अनुबंध से पूर्व तथा वाहन उपयोग की संपूर्ण अवधि के दौरान वैध होना अनिवार्य रहेगा। इसके साथ ही विभागों को भुगतान से पूर्व इन दस्तावेजों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि खनिज अथवा अन्य सामग्री के परिवहन हेतु जारी की जाने वाली अनुमति संबंधित वाहन की निर्धारित क्षमता से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही अनुबंधित वाहनों द्वारा नियमानुसार मोटरयान कर का भुगतान किया गया होना भी अनिवार्य होगा।

परिवहन विभाग ने सभी शासकीय विभागों, निगमों एवं निकायों को यह सुविधा प्रदान की है कि वे अपने यहां अनुबंधित अथवा एजेंसियों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे वाहनों के संबंध में परिवहन आयुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए ई-मेल आईडी commr.transpt@mp.gov.in पर पत्र भेजा जा सकता है।

ई-टोकन जनरेट होने पर तीन दिन के भीतर खाद उठाना होगा

## बालाघाट में भी लागू होगी ई-टोकन आधारित खाद वितरण व्यवस्था

### तीन दिन के भीतर खाद नहीं उठाने पर ई-टोकन निरस्त हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खाद की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने एवं किसानों को राहत देने के उद्देश्य से जिले में अब ई-टोकन आधारित खाद वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत किसानों को खाद के लिए दुकानों के बाहर लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे घर बैठे ऑनलाइन ई-कृषि पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन जनरेट कर खाद बुक कर सकेंगे।

उप संचालक कृषि श्री फुलसिंह मालवीय ने बताया है कि बालाघाट जिले में भी ई-टोकन व्यवस्था 1 जनवरी से चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही है। ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को तीन दिन के भीतर निर्धारित दुकान से खाद प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय में खाद नहीं लेने पर ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा। इस व्यवस्था के तहत जिले की सभी खाद दुकानों को ई-कृषि पोर्टल से जोड़ा गया है, जिससे दुकानवार उपलब्ध स्टॉक, वितरण एवं बिक्री की ऑनलाइन निगरानी की जा सकेगी। इससे खाद की कालाबाजारी, अनियमितता एवं अनावश्यक भंडारण पर रोक लगेगी। ई-टोकन प्रणाली वैज्ञानिक आधार पर संचालित होगी, जिसमें किसान की भूमि, फसल क्षेत्र एवं आवश्यकता के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद मिलेगी और किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ई-कृषि पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग कर इस नई सुविधा का लाभ उठाएं। किसानों को सुचारू, पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत किसानों को उतनी ही खाद निर्धारित मात्रा में प्रदान की जाएगी, जितना रकबा उनके फार्मर आईडी से जुड़ा हुआ है।

उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि ई-टोकन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक किसान को अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवानी होगी। जिन किसानों की फार्मर आईडी तैयार हो चुकी है, उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि उनकी आईडी में सभी खसरे सही रूप से जुड़े हों, ताकि खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।विभाग ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे अपने क्षेत्र के पटवारी, सचिव अथवा नजदीकी ऑनलाइन सेंटर से संपर्क कर शीघ्र ही फार्मर आईडी बनवाएं। ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण होने से अनियमितता पर रोक लगेगी और किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार खाद मिल सकेगी।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि फार्मर आईडी के बिना खाद प्रदाय नहीं किया जाएगा, इसलिए सभी किसान समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि रबी/खरीफ फसलों के लिए खाद की उपलब्धता में कोई बाधा न आए।

### रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने गुरुवार 8 जनवरी को वारा में निर्माणाधीन रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रिज के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम श्री जायसवाल ने ब्रिज निर्माण कार्य में लगी एजेंसी के ठेकेदार से चर्चा करते हुए गर्डर लांचिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न की जाए, ताकि ब्रिज का कार्य समय-सीमा में पूरा हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि रेल ओवर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और आम नागरिकों को जाम व आवागमन संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे कार्य की गुणवत्ता और गति सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में बड़े बदलाव

## गरीब अभिभावकों के सपने हो रहे चकनाचूर, कहां से लाएंगे बीपीएल कार्ड?

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में कई बड़े बदलाव किए है। इन बदलावों में एक बदलाव ऐसा है जिसने कई गरीब कन्या अभिभावकों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। 08 माह पूर्व 15 मई 2025 से योजना में यह बदलाव प्रभावी भी हो चुके है। हालांकि जिले के लोगों को इन बदलावों की जानकारी अभी हाल के दिनों में उस वक्त पता चली जब खैरलांजी जनपद पंचायत के सीईओ ने सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के संबंध में एक पत्र जारी किया। सरकार ने फैसला लिया है कि अब केवल बीपीएल कार्ड धारक ही योजना का लाभ ले पाएंगे। कार्ड की अनिवार्यता के पीछे सरकार का तर्क है कि योजना का फायदा सही जरूरतमंदों को पहुंचे। इसके साथ ही सरकार ने वर्ष में केवल 04 बार ही सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन तय किए है। जिसमें बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया, तुलसी विवाह और एक अन्य तय तिथि पर ही आयोजन होना है। वहीं सामूहिक विवाह समारोह में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह होगा। वधू को 49 हजार रुपए सीधे खाते में और आयोजन के लिए 6 हजार रुपए मिलेंगे।

जैसा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह कन्यादान योजना के अंतर्गत हर साल सैकड़ों सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाते रहे हैं। जिनमें हजारों लोगों की शादियां की जाती हैं। इस तरह के सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन दोनों ही पक्ष के लोगों के अलावा गांव के लोग भी शामिल होते थे। यहां आयोजकों द्वारा सभी के खाने-पीने से लेकर ढोल-नगाड़े और पालकी तक की व्यवस्था करवाई जाती थी। 7 फेरे करवाने के लिए मंडप से लेकर पंडित, मौलवी, भंते और गोंडी परपंरा से विवाह करने वाले जोड़ों के भूमका बुलाए जाते थे। विवाह संपन्न होने के बाद उन्हें 50 हजार रुपये की राशि भी मिलती है, जिससे एक शादी में होने वाला खर्च बच जाता था और विवाह को सरकारी मान्यता भी मिल जाती थी। योजना के तहत मिलने वाली राशि वर-वधु को एक साथ नई जिंदगी शुरू करने में मदद करती है। किंतु अब सरकार ने कन्या विवाह/निकाह को लेकर जा फैसला लिया है उससे कन्या अभिभावक चिंतित और परेशान है।

समारोह में अपनी बेटी का विवाह करवाने वाले कन्या अभिभावक बीपीएल की श्रेणी का राशन कार्ड बनवाने के लिए कटंगी-तिरोड़ी और खैरलांजी तहसील के चक्कर काट रहे है और यह हाल केवल इन तीन तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों का नहीं बल्कि पूरे जिले में यहीं हाल है। अधिकारी बीपीएल राशन कार्ड जारी नहीं कर रहे है। ऑफ रिकार्ड अधिकारियों का तर्क है कि सरकार ने ही नए बीपीएल राशन कार्ड जारी करने पर रोक लगाकर रखी हुई है। केवल पात्रता पर्ची ही जारी की रही है। सरकार ने ही नए राशन कार्ड बनाने पर रोक लगाकर रखी है इस बात को ऐसे भी समझा सकता कि ई-गवर्नेंस की निगरानी में संचालित होने वाले लोक सेवा केंद्र के ऑनलाइन पोर्टल से राशन कार्ड की सेवा को हटा दिया है। जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत आंजनबिहरी निवासी सहसराम पंचबाहे दो बच्चियों के पिता है उनकी दोनों ही पुत्रियों का विवाह तय हो चुका है। सहसराम ने जीवन भर महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में मेहनत मजदूरी का काम किया। जिससे अर्जित पूंजी से अपना एक छोटा पक्का घर बनाया। उसी घर को देखकर उनका बीपीएल राशन कार्ड नहीं बन पाया है। सहसराम अपनी बेटियों की शादी



सामूहिक विवाह समारोह में करवाना चाहते थे परंतु बीपीएल कार्ड नही होने से उनकी इस उम्मीद पर पानी फिर गया है। इसी गांव की विधवा महिला गीता घरड़े ने बताया कि उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है जमीन-जायदाद कुछ नहीं है। मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। बड़ी बेटी की शादी तय हुई है वह सामूहिक विवाह में अपनी बेटी की शादी करवाना चाहती है लेकिन उनके पास भी बीपीएल कार्ड नहीं है। इसी तरह और भी सैकड़ों ऐसे वास्तविक गरीब लोग है जिनके पास बीपीएल का राशन कार्ड नही है और इसी वजह से अब वह राज्य की महत्वकांक्षी योजना में अपनी बेटी की शादी नहीं करवा पाएगा। इस मामले में हमने विधायक गौरव सिंह पारधी से भी चर्चा की उन्होंने बताया कि सरकार ने नई गाइड लाइन जारी की है। जिन्हें बीपीएल राशन कार्ड की आवश्यकता है वह आवेदन लगा सकते है। जबकि सैकड़ों अभिभावकों को प्रभावित करने वाले इस फैसले पर प्रमुख विपक्षी दल खामोश बैठा है। यह गरीबों के साथ एक तरह का अन्याय प्रतीत हो रहा है।

साधारण मोबाइल से फंड ट्रांसफर और बैलेंस जांच संभव

## *99# सेवा से बिना इंटरनेट भी मिलेगी बैंकिंग सुविधा

**बालाघाट।** अब बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने के लिए न तो इंटरनेट की आवश्यकता है और न ही स्मार्टफोन की। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए *99# राष्ट्रीय USSD प्लेटफॉर्म के माध्यम से कोई भी नागरिक साधारण GSM मोबाइल फोन से सुरक्षित और त्वरित बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकता है।

यह सेवा मोबाइल नंबर को सीधे बैंक खाते से जोड़कर कार्य करती है और केवल मोबाइल नेटवर्क के आधार पर संचालित होती है। खासतौर पर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए यह सेवा अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जहां इंटरनेट या स्मार्टफोन की सुविधा सीमित है।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक 05 हजार रुपए तक की राशि का फंड ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके अलावा खाते का बैलेंस जानना, लेन-देन का विवरण देखना, लंबित अनुरोधों की स्थिति जांचना एवं प्रोफाइल संबंधी जानकारी प्राप्त करना भी संभव है। यह सेवा देश की 12 प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पहल वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आमजन को सरल, सुरक्षित एवं सुलभ बैंकिंग सुविधा प्राप्त हो रही है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे *99# सेवा का अधिक से अधिक उपयोग कर अपने बैंकिंग कार्यों को आसान बनाएं और डिजिटल इंडिया अभियान को सफल बनाने में सहभागी बनें।

### वन ग्रामों में सोलर पैनल का किया संयुक्त निरीक्षण

**बालाघाट।** 7 जनवरी को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे, संभाग बालाघाट के नेतृत्व में लांजी के कनिष्ठ अभियंता श्री ललित मार्को एवं अक्षय ऊर्जा विभाग बालाघाट के श्री करण परिमल द्वारा वन ग्राम अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

**जनपद पंचायत खैरलांजी, जिला बालाघाट(म.प्र.)**

**//निविदा आमंत्रित//**

जनपद पंचायत खैरलांजी में दिनांक 23-01-2026 दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह का आयोजन खैरलांजी में होगा । आयोजित कार्यक्रम के लिए टेंट, पंडाल, भोजन हेतू ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी जानकारी बेबसाइट (www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। पात्रता योग्य सप्लायर प्रमाणित दस्तावेज सहित mptenders पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर ऑनलाइन 08-01-2026 से 15-01-2026 तक शाम 5:30 बजे तक कर सकते है। 16-01-2026 को 12 बजे जनपद पंचायत खैरलाजी में खोली जाएगी। निविदा संबंधित जानकारी जनपद पंचायत कार्यालय खैरलांजी से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत खैरलांजी
जिला बालाघाट(म.प्र).